# 10 जून, 2025, Huntington Beach शहर विशेष नगरपालिका चुनाव – सार्वजनिक सेवा घोषणा

**Orange काउंटी के मतदाता रजिस्ट्रार, मतपत्र से आसानी और सुरक्षा के साथ मतदान करने के प्रत्येक मतदाता के अधिकार की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

SANTA ANA, CA – 15 मई, 2025 – 10 जून, 2025 को Huntington Beach शहर के विशेष नगरपालिका चुनाव में मतदान आरंभ हो चुका है।

इस सप्ताह की शुरुआत में Huntington Beach शहर के सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को उनके मतपत्र डाक द्वारा भेज दिए गए थे।

इस चुनाव के दौरान मतदान करने के लिए मतदाताओं के पास चार विकल्प होंगे:

1. चुनाव दिवस के दिन या उससे पहले मतपत्र को डाक से भेजना (किसी भी डाक खर्च की आवश्यकता नहीं है)। मेलबॉक्स की स्थिति जानने के लिए यहाँ जाएँ ocvote.gov/mail

2. Huntington Beach शहर के मौजूद नौ सुरक्षित ड्रॉप बॉक्सों में से किसी एक या मतपत्र डालने की जगह का उपयोग करें। जगहों को जानने के लिए यहाँ जाएँ ocvote.gov/dropbox

3. Huntington Beach शहर में किसी भी मतदान केंद्र में व्यक्तिगत रूप से मतपत्र को डालें। जगह की जानकारी और कार्य के घंटों को जानने के लिए यहाँ जाएँ ocvote.gov/votecenter

4. Huntington Beach शहर के किसी भी मतदान केंद्र में व्यक्तिगत रूप से मतदान करें।

Santa Ana में मतदाता रजिस्ट्रार के कार्यालय में भी एक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स है और यह Huntington Beach शहर की सभी मतदाता सेवाओं के लिए कार्य के नियमित घंटों के दौरान उपलब्ध रहता है।

शनिवार, 31 मई, 2025 से आरंभ करते हुए, Huntington Beach शहर के चयनित मतदान केंद्र 6 जून, 2025 तक सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे। शनिवार, 7 जून, 2025 से आरंभ करते हुए 9

जून, 2025 तक, Huntington Beach शहर में सभी मतदान केंद्र सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। चुनाव दिवस के दिन, सभी मतदान केंद्र सुबह 7 बजे से लेकर रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

मतदान की जगहों की पूर्ण सूची और कार्य के घंटों के बारे में जानने के लिए, यहाँ जाएँ ocvote.gov/votecenter

और अधिक जानकारी के लिए मतदाता हमारी मतदाता हॉटलाइन को 888-OCVOTES या 888-628-6837 पर फोन भी कर सकते हैं।

10 जून, 2025 के Huntington Beach शहर विशेष नगरपालिका चुनाव के बारे में अन्य जानकारियों को Orange काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार की वेबसाइट (ocvote.gov/elections) से प्राप्त किया जा सकता है।

###

**मतदाता रजिस्ट्रार के बारे में:**
मतदाता रजिस्ट्रर Orange काउंटी में चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार हैं, जो संयुक्त राज्य में पाँचवां सबसे बड़ा मतदान न्यायाधिकार है जिसमें 1.9 मिलियन पंजीकृत मतदाता हैं। हम एक काउंटी काउंटी एजेंसी है, जिसे काउंटी के सामान्य कोष से निधि और संघीय सरकार, California राज्य और स्थानीय न्यायाधिकारों से समय-समय पर प्रतिपूर्ति की प्राप्ति होती है। और अधिक पढ़ें >>

**मीडिया संपर्क:**
Enedina Chhim
सामुदायिक प्रसार प्रबंधक
714-567-5197
Mediasupport@ocvote.gov

**स्रोत:**
Orange काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार

संपादकों के लिए नोट: अतिरिक्त जानकारी के लिए हमारे बारे में पेज पर जाएँ अथवा 714-567-5197 पर मतदाता रजिस्ट्रार मीडिया हेल्प लाइन पर फोन करें।